# न्यूज़-बॉक्स

SUKRAJ CLASSES
A FLY TOWARDS SUCCESS...




## जून – घटनाक्रम

(मासिक – पत्रिका)
















# न्यूज़ बॉक्स

# (NEWS BOX)

## प्रश्नोत्तरी- जून 2020

Most
Important
for All
Competitive

WWW.SUKRAJCLASSES.COM

/SUKRAJCLASSES


- राष्ट्रीय न्यूज़ बॉक्स (पेज - 1)
- अन्तर्राष्ट्रीय न्यूज़ बॉक्स (पेज -25)
- खेल जगत न्यूज़ बॉक्स (पेज -34)
- विज्ञान संबधी न्यूज़ बॉक्स (पेज -35)

# राष्ट्रीय - न्यूज़ बॉक्स

**प्रश्न .1.** प्रधानमंत्री द्वारा आवाहन किए गए वीडियो ब्लॉगिंग कॉन्टेस्ट 'माय लाइफ- माय योगा (जीवन योगा) का संचालन किन संस्थानों के द्वारा किया जाएगा?

**उत्तर :** आयुष और इंडियन काउंसिल फॉर कल्चरल रिलेशंस ।

**प्रश्न 2.** हाल ही में लांच किए गए "Responsible AI for Youth" कार्यक्रम किन संस्थानों की संयुक्त पहल है?

**उत्तर:** MeitY, इंटेल इंडिया और डिपार्टमेंट ऑफ स्कूल एजुकेशन एंड लिटरेसी

**प्रश्न 3.** अल्पसंख्यक मंत्रालय के पिछले वर्षों की उपलब्धियों से चर्चा में रहे 'प्रधानमंत्री जन विकास कार्यक्रम' का उद्देश्य क्या है?

**उत्तर:** अल्पसंख्यक क्षेत्रों में सामाजिक- आर्थिक- शैक्षणिक - रोजगारपूरक अवसंरचना का निर्माण

**प्रश्न 4.** बैंकों में प्रबंध निदेशक के नियुक्ति की सिफारिशों से चर्चा में रहे बैंक बोर्ड ब्यूरो (बीबीबी) का गठन किस समिति की सिफारिशों से एवं कब किया गया था?

**उत्तर:** पीजे नायक समिति, 2016.

**प्रश्न 5.** बैंक ऑफ राजस्थान के पूर्व प्रवर्तकों पर जुर्माना लगाने से चर्चा में रहे 'इंसाइडर ट्रेडिंग' का विनियमन किस संस्था के द्वारा किया जाता है?

**उत्तर:** भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड- SEBI

**प्रश्न 6.** हाल ही में किए गए संशोधन के अनुसार क्रमशः निवेश एवं टर्नओवर के संदर्भ में एमएसएमई की परिभाषा क्या है?

**उत्तर:** सूक्ष्म-1करोड़ एवं 5 करोड़, लघु 10 करोड़ एवं 50 करोड़, मध्यम 50 करोड़ एवं 250 करोड़

**प्रश्न 7.** हाल ही में रेहड़ी विक्रेताओं के लिए किस माइक्रो क्रेडिट योजना की शुरुआत की गई है एवं इसका क्रियान्वयन किस मंत्रालय द्वारा होगा?

**उत्तर:** पीएम स्व-निधि,आवास और शहरी मामलों के मंत्रालय

**प्रश्न 8.** रेहड़ी विक्रेताओं की माइक्रो क्रेडिट योजना के क्रेडिट प्रबंधन से चर्चा में उद्यमी मित्र पोर्टल और पैसा पोर्टल क्रमशः किस संस्था की पहल है?

**उत्तर:** सिडबी और आवास और शहरी मामलों के मंत्रालय

प्रश्न 9. कृषि उत्पादों के उचित मूल्य की अंब्रेला स्कीम "प्रधानमंत्री अन्नदाता आय संरक्षण अभियान" (पीएम-आशा) योजना में कौन से उपयोजना शामिल है?

उत्तर: मूल्य समर्थन योजना PSS, भावांतर भुगतान योजना PDPS) तथा प्रायोगिक निजी खरीद तथा भंडारण योजना PPSS.

प्रश्न 10. हाल ही में जारी हुई न्यूनतम समर्थन मूल्य चर्चा में रहे से चर्चा में रहे MSP को किस समिति ने उत्पादन लागत से कम से कम 50% ज्यादा देने की सिफारिश की थी?

उत्तर: स्वामीनाथन आयोग।

प्रश्न 11. तीन राज्यों के शामिल होने से चर्चा में रहे पोर्टेबिलिटी फिर "वन नेशन वन राशन कार्ड" योजना के तहत सभी राज्यों को किस तंत्र से जोड़ा जा रहा है?

उत्तर: IMPDS - 'एकीकृत सार्वजनिक वितरण प्रणाली।

**वन नेशनवन कार्ड योजना :** "वन नेशन वन राशन कार्ड" योजना राष्ट्रव्यापी पोर्टेबिलिटी के माध्यम से राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम (एनएफएसए) के पात्र राशन कार्ड धारकों को किसी भी सार्वजनिक वितरण केन्द्र से सब्सिडी वाले खाद्यान्न अपने कोटे के हिसाब से प्राप्त करने के लिए लागू की गई है। लाभार्थी इन केन्द्रों पर इलेक्ट्रानिक प्वाइंट आफ सेल (ईपीओएस) पर आधार प्रमाणीकरण के बाद अपने मौजूदा राशन कार्ड का उपयोग कर इस सुविधा का लाभ ले सकते हैं।

प्रश्न 12. पाकिस्तानी जासूसों के संदर्भ में चर्चा में रहे डिप्लोमैटिक इम्युनिटी क्या है एवं किस संधि के तहत यह लागू होती है?

उत्तर: राजनयिकों को सुरक्षा प्रदान करना, वियना कन्वेंसन ऑन डिप्लोमैटिक रिलेशन्स 1961

प्रश्न 13. हाल ही में अरब सागर में उठने वाले किस तूफान के कारण केरल समेत अन्य राज्यों के द्वारा चेतावनी जारी की गई?

उत्तर: निसर्ग (Nisarga)

प्रश्न 14. नीति आयोग के सतत कृषि पर आयोजित कन्वेंशन से चर्चा में रहे परंपरागत कृषि योजना को कब शुरू की गई थी एवं इसका उद्देश्य क्या था?

उत्तर: 2015, ऑर्गेनिक कृषि को बढ़ावा।

प्रश्न 15. हाल ही में फिल्मी गतिविधियों से जुड़े संस्थानों के युक्तिकरण और व्यावसायिकता से संबंधित किस समिति ने अपनी रिपोर्ट आईटी मंत्रालय को प्रस्तुत की?

उत्तर: बिमल जुल्का समिति।

**प्रश्न 16.** हाल ही में किस वरिष्ठ राजनयिक को ब्रिटेन में भारत का अगला उच्चायुक्त नियुक्त किया गया है?

**उत्तर:** गायत्री आई कुमार।



**प्रश्न 17.** हाल ही में किस वैश्विक रेटिंग एजेंसी ने भारत की सावरेन (राष्ट्रीय) रेटिंग को 'बीएए 2' से घटाकर 'बीएए 3' कर दिया है?

**उत्तर:** मूडीज़ इनवेस्टर्स सर्विस।

**प्रश्न 18.** भारत के शीर्ष वैज्ञानिक सलाहकार विभाग एवं DST मंत्रालय के द्वारा विज्ञान और प्रौद्योगिकी की किस राष्ट्रीय नीति का निर्माण शुरू किया गया है?

**उत्तर:** साइंस टेक्नोलॉजी एंड इनोवेशन पॉलिसी-STIP 2020.

**प्रश्न 19.** पीयूष गोयल के द्वारा समीक्षा बैठक से चर्चा में रहे नेशनल प्रोडक्टिव काउंसिल ( NPC) का कब एवं किस उद्देश्य हेतु हुआ था?

**उत्तर:** 1958, ऊर्जा. पर्यावरण, व्यापार प्रक्रिया में क्षमता संवर्धन एवं विशेषज्ञ सेवा हेतु।

WWW.SUKRAJCLASSES.COM
/SUKRAJCLASSES

**प्रश्न 20.** हाल ही में किस स्थान पर पूर्वोत्तर राज्यों में कोविड-19 के परीक्षण हेतु प्रयोगशाला का उद्घाटन किया गया?

**उत्तर:** पूर्वोत्तर विज्ञान और प्रौद्योगिकी संस्थान, जोरहाट-असम।

**प्रश्न 21.** दो अभिनव कीटाणुशोधन समाधानों को समर्थन देने से चर्चा में रहे नेशनल इनोवेशन फाउंडेशन (NIF) का गठन कब किया गया था एवं यह किस मंत्रालय के अधीन है?

**उत्तर:** 2000 में , विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग ।

**प्रश्न 22.** भारत को इलेक्ट्रॉनिक विनिर्माण में अग्रणी बनाने हेतु 50,000 करोड़ रुपये किन तीन योजनाओं की परिकल्पना की गई है?

**उत्तर:** परियोजनाएं : -

- Production Linked Incentive Scheme-PLI,
- Scheme for Promotion of Manufacturing of Electronic Components
- Semiconductors-SPECS and Modified Electronics Manufacturing Clusters-EMC 2.0

**प्रश्न 23. 125-वें वार्षिक सत्र से चर्चा में रहे भारतीय उद्योग परिसंघ (CII) की थीम क्या थी एवं इस संगठन के अध्यक्ष कौन है?**

उत्तर: नये विश्व के लिए भारत निर्माण: जीवन, आजीविका, विकास: विक्रम किर्लोस्कर |

**प्रश्न 24. मंत्रिमंडल ने कृषि उत्पादों को वैश्विक आपूर्ति श्रृंखला से जोड़ने एवं निजी निवेश हेतु किस अध्यादेश को संस्तुति दी है?**

उत्तर: मूल्य आश्वासन पर किसान: बंदोबस्ती और सुरक्षा समझौता और कृषि सेवा अध्यादेश, 2020.

- यह अध्यादेश किसानों को शोषण के भय के बिना, समानता के आधार पर प्रसंस्करणकर्ताओं (प्रोसेसर्स), एग्रीगेटर्स, थोक विक्रेताओं, बड़े खुदरा कारोबारियों, निर्यातकों आदि के साथ जुड़ने में सक्षम बनाएगा। इससे बाजार की अनिश्चितता का जोखिम प्रायोजक पर हस्तांतिरत हो जाएगा और साथ ही किसानों की आधुनिक तकनीक और बेहतर इनपुट्स तक पहुंच भी सुनिश्चित होगी। इससे विपणन की लागत में कमी आएगी और किसानों की आय में सुधार होगा।
- यह अध्यादेश किसानों की उपज की वैश्विक बाजारों में आपूर्ति के लिए जरूरी आपूर्ति चेन तैयार करने को निजी क्षेत्र से निवेश आकर्षित करने में एक उत्प्रेरक के रूप में काम करेगा। किसानों की ऊंचे मूल्य वाली कृषि के लिए तकनीक और परामर्श तक पहुंच सुनिश्चित होगी, साथ ही उन्हें ऐसी फसलों के लिए तैयार बाजार भी मिलेगा।
- किसान प्रत्यक्ष रूप से विपणन से जुड़ सकेंगे, जिससे बिचौलियों की भूमिका खत्म होगी और उन्हें अपनी फसल का बेहतर मूल्य मिलेगा।
- किसानों को पर्याप्त सुरक्षा दी गई है और समाधान की स्पष्ट समयसीमा के साथ प्रभावी विवाद समाधान तंत्र भी उपलब्ध कराया गया है।

**प्रश्न 25. हाल ही में 'एक देश एक कृषि बाजार' बनाने हेतु सरकार द्वारा इस अध्यादेश को मंजूरी प्रदान की गई है?**

उत्तर: कृषि उपज वाणिज्य एवं व्यापार; संवर्धन एवं सुविधा अध्यादेश-2020.

- अध्यादेश का मूल उद्देश्य APMC बाजारों की सीमाओं से बाहर किसानों को कारोबार के अतिरिक्त अवसर मुहैया कराना है जिससे उन्हें प्रतिस्पर्धात्मक माहौल में अपने उत्पादों की अच्छी कीमतें मिल सकें।
- यह निश्चित रूप से 'एक देश, एक कृषि बाजार' बनाने का मार्ग प्रशस्त करेगा और कठोर परिश्रम करने वाले हमारे किसानों के लिए उपज की मुंह मांगी कीमत सुनिश्ति करेगा।

**प्रश्न 26. सरकार ने अनाज, दलहन, तिलहन, खाद्य तेलों, प्याज और आलू को आवश्यक वस्तुओं की सूची से हटाने हेतु किस अधिनियम में संशोधन की घोषणा की है?**

उत्तर: आवश्यक वस्तु अधिनियम |

**आवश्यक वस्तु अधिनियम :** आवश्यक वस्तुओं की बिक्री, उत्पादन, आपूर्ति आदि को नियंत्रित करने हेतु आवश्यक वस्तु अधिनियम, 1955 कहते हैं। इस कानून का मुख्य उद्देश्य उपभोक्ताओं को सूचिबद्ध वस्तु उचित मूल्य पर उपलब्ध किया जाना है।'आवश्यक वस्तु' घोषित होने पर सरकार उत्पाद का अधिकतम खुदरा मूल्य तय कर सकती है। सरकार समय अनुसार इस सूची को संशोधित करती रही है।

**प्रश्न 27. कोविड-19 उपरांत भारत लौटे भारतीय नागरिकों के 'स्किल मैपिंग के लिए' हेतु किस योजना को शुरू किया गया है?**

उत्तर: SWADES- Skilled Workers Arrival Database for Employment Support.

 Visit us on: www.sukrajclasses.com

**प्रश्न 28.** हाल ही में मंत्रिमंडल के द्वारा कोलकाता बंदरगाह (Kolkata Port Trust) को किस नए नाम से अलंकृत किया गया है?

**उत्तर:** श्यामा प्रसाद मुखर्जी बंदरगाह

**प्रश्न 29.** भारतीय परिवारों द्वारा बच्चों को अनुशासन सिखाने से संबंधित 'पैरेंटिंग मैटर्स: एक्जामिनिंग पैरेंटिंग एप्रोचेज एंड प्रैक्टिसेज' अध्ययन किस संस्था के द्वारा तैयार किया गया?

**उत्तर:** यूनिसेफ

**प्रश्न 30.** हाल ही में भारतीय उद्योग परिसंघ (CII) के अध्यक्ष का पदभार किसने संभाला है?

**उत्तर:** उदय कोटक



**प्रश्न 31.** हाल ही में किसे नेशनल फर्टिलाइजर्स लिमिटेड के अध्यक्ष के रूप में नियुक्ति प्रदान की गई है?

**उत्तर:** श्री वीरेंद्र नाथ दत्त

**प्रश्न 32.** सरकार के द्वारा भारत में निवेश को आकर्षित करने हेतु बनाए गए एंपावर्ड ग्रुप ऑफ सेक्रेटरी (EGoS) की अध्यक्षता किसके द्वारा की जाएगी?

**उत्तर:** कैबिनेट सचिव

**प्रश्न 33.** उपयोगकर्ताओं की जानकारी लीक होने से चर्चा में रहे 'भीम ऐप' को कब लांच किया गया था एवं इसे किस संस्था के द्वारा निर्मित किया गया है?

**उत्तर:** 2016, नेशनल पेमेंट्स कार्पोरेशन आफ इंडिया-NPCI.

**प्रश्न 34.** देश में सभी अर्बन लोकल बॉडीज (ULBs) और स्मार्ट शहर के नए स्नातकों के लिए किस इंटर्नशिप प्रोग्राम शुरुआत की गई है?

**उत्तर:** ट्यूलिप-The Urban Learning Internship Program: TULIP.

**ट्यूलिप :** द अर्बन लर्निंग इंटर्नशिप प्रोग्राम (ट्यूलिप) एक ऐसा कार्यक्रम जो देश भर के सभी शहरी स्थानीय निकायों (यूएलबी) और स्मार्ट शहरों में नए स्नातकों को प्रशिक्षण के अवसर प्रदान करेगा। ट्यूलिप शहरी नियोजन, परिवहन इंजीनियरिंग, पर्यावरण, नगरपालिका वित्त आदि जैसे विविध क्षेत्रों में एक संभावित प्रतिभा पूल बनाने में मदद करेगा जिससे शहरी चुनौतियों के समाधान को कम करने में आसानी होगी।

MOHUA अपने शहरों में इंटर्नशिप को बढ़ावा देने में मदद करने के लिए राज्य सरकारों तक पहुंचेंगे। ट्यूलिप के अंतर्गत यूएलबी और स्मार्ट शहरों की भागीदारी को सक्षम करने के लिए राज्य सरकारों के साथ साझेदारी में क्षमता निर्माण की पहल करेगा। वर्ष 2025 तक MHRD और AICTE के 1 करोड़ सफल इंटर्नशिप का लक्ष्य रखा गया है।

**प्रश्न 35.** विश्व पर्यावरण दिवस 2020 के अवसर पर भारतीय पर्यावरण और वन मंत्रालय द्वारा इस वर्ष की थीम किस विषय वस्तु पर केंद्रित की गई है?

**उत्तर:** नगर वन- Urban Forest.

 Visit us on: www.sukrajclasses.com

**प्रश्न 36.** कोयला खनन के खिलाफ PIL से चर्चा में रहे 'पूर्व के अमेजन वर्षा वन' के नाम से किस वन क्षेत्र को जाना जाता है एवं यह किस राज्य में अवस्थित है?

उत्तर: देहिंग पटकाई जंगल, असम।

**प्रश्न 37.** हाल ही में किस की अध्यक्षता में भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (सेबी) ने जिंस डेरिवेटिव्स सलाहकार समिति का पुनर्गठन किया है?



उत्तर: अशोक दलवानी।

**प्रश्न 38.** लगातार भूकंप से चर्चा में रहे एनसीआर भूकंप के लिहाज से किस जोन में अवस्थित है?

उत्तर: जोन-4.

**प्रश्न 39.** देश में गोद लेने की समयसीमा बढ़ाने से चर्चा में रहे किस नियामक संस्थान के द्वारा भारत में अभिभावकों द्वारा बच्चों को गोद लेने का विनियमन किया जाता है?

उत्तर: केंद्रीय दत्तक संसाधन प्राधिकरण-कारा।

**प्रश्न 40.** भारतीय नेवी द्वारा सभी 6 अनुसूचियां को अपनाए जाने की घोषणा से चर्चा में रहे 'मार्पोल - MARPOL' रेगुलेशन किससे संबंधित है ?

उत्तर: समुद्री जहाजों से प्रदूषण की रोकथाम हेतु अंतरराष्ट्रीय कन्वेंशन।

**प्रश्न 41.** हाल ही में भारत सरकार के द्वारा मातृत्व की आयु, 'एमएमआर' और पोषण स्तर बेहतर करने से जुड़े मुद्दों हेतु किसकी अध्यक्षता में कार्यदल का गठन किया गया है?



उत्तर: सुश्री जया जेटली ।

**प्रश्न 42.** बाघों की मृत्यु के आंकड़े को लेकर चर्चा में रही 'राष्ट्रीय बाघ संरक्षण प्राधिकरण' का गठन किस अधिनियम के तहत किया गया था?

उत्तर: वन्यजीव संरक्षण अधिनियम, 1972 में संशोधन द्वारा 2006 में।

**प्रश्न 43.** डाटा सुरक्षा और नागरिकों की गोपनीयता से संबंधित मुद्दों से चर्चा में रही आरोग्य सेतु का विकास किस संस्था के द्वारा किया गया है?

उत्तर: इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय।

**प्रश्न 44.** आरोग्य सेतु एप के निजता और गोपनीयता से संबंधित मुद्दों पर बैठक के कारण चर्चा में रहे सूचना प्रौद्योगिकी संबंधी संसदीय समिति के अध्यक्ष कौन हैं?

उत्तर: शशि थरूर।

**प्रश्न 45.** चमगादड़ों में निपाह व सार्स-2 वायरस के प्रसार की संभावना की जांच को लेकर चर्चा में रहे उच्च सुरक्षा पशु रोग प्रयोगशाला (एचएसएडीएल) कहां स्थित है?

**उत्तर:** भोपाल - मध्य प्रदेश।

**प्रश्न 46.** हाल ही में किस राज्य के द्वारा बारिश और बाढ़ के पूर्वानुमान हेतु मेघा संदेशा (MeghaSandesha) और वरुणमित्र (Varunamitra) ऐप लॉन्च किए गए हैं?

**उत्तर:** कर्नाटक ।

**प्रश्न 47.** राज्यों के दूसरे 'फूड सेफ्टी इंडेक्स' में किस राज्य और केंद्र शासित प्रदेश ने क्रमशः प्रथम स्थान प्राप्त किया एवं इसे कौन सी संस्था जारी करता है?

**उत्तर:** क्रमशः गुजरात और चंडीगढ़, FSSAI

**प्रश्न 48.** हाल ही में फोर्ब्स इंडिया पत्रिका ने किस भारतीय को 'लियोनाडरे द विंची का खिताब' दिया एवं उनकी ख्याति किस क्षेत्र में है?

**उत्तर:** वाजिद खान,कबाड़ के जुगाड़ से बेजोड़ कलाकृतियां बनाने के लिए।

**प्रश्न 49.** बेंगलुरु में प्रतिमा बनाए जाने से चर्चा में रहे 'केम्पेगौड़ा' कौन थे एवं वे इतिहास में किस लिए विख्यात है?

**उत्तर:** विजयनगर साम्राज्य के सामंत, बेंगलुरु शहर के संस्थापक।

**प्रश्न 50.** हाल ही में भारत सरकार के द्वारा भारत स्टेज 6 (BS-6) उत्सर्जन मानकों वाले वाहनों को पहचान हेतु किस रंग का स्टीकर लगाना अनिवार्य किया है?

**उत्तर:** हरा ।

**प्रश्न 51.** हाल ही में ऑनलाइन आयोजन के कारण चर्चा में रहे "ऑनलाइन नैमिषा 2020" क्या है एवं इसे किस संस्था के द्वारा आयोजित किया जा रहा है?

**उत्तर:** वर्चुअल कला प्रदर्शनी, राष्ट्रीय आधुनिक कला संग्रहालय द्वारा ।

**प्रश्न 52.** हाल ही में जारी हुई आंकड़ों के अनुसार वित्त वर्ष 2019-20 में वास्तविक सकल प्रत्यक्ष कर संग्रह में कितने प्रतिशत की गिरावट हुई?

**उत्तर:** 4.2 प्रतिशत ।

WWW.SUKRAJCLASSES.COM
/SUKRAJCLASSES

**प्रश्न 53.** हाल ही में रिजर्व बैंक ने छोटे शहरों और पूर्वोत्तर राज्यों में डिजिटल भुगतान को बढ़ावा देने हेतु 500 करोड़ रुपए के किस कोष की स्थापना की है?

**उत्तर:** भुगतान संरचना विकास कोष-PIDF.

**प्रश्न 54.** कोयला क्षेत्र के सुधारों से चर्चा में रहे Mineral Laws (Amendment) Act, 2020 के तहत ऑटोमेटिक रूट के तहत इस क्षेत्र में कितने प्रतिशत तक FDI निवेश स्वीकृत है?

**उत्तर:** 100% .

**प्रश्न 55.** हाल ही में किस योजना के तहत रोटरी इंटरनेशनल और एनसीईआरटी ने कक्षा 1 से 12 तक के लिए ई-कंटेंट उपलब्ध करवाने के लिए समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए हैं?

**उत्तर:** विद्याधन- VidyaDaan 2.0

**प्रश्न 56.** केंद्र सरकार ने किस अनुच्छेद के तहत राज्यों को वन-धन संवर्धन गतिविधियों समेत प्रभावी रूप से वन उत्पादों के संदर्भ में एमएसपी लागू करने हेतु योजनाएं बनाने का निर्देश दिया है?

**उत्तर:** Article 275 – I .

**प्रश्न 57.** अंतरराष्ट्रीय योग दिवस 2020 पर आयुष मंत्रालय के साथ कार्यक्रम से चर्चा में रहेमोरारजी देसाई राष्ट्रीय योग संस्थान कहां स्थित है?

**उत्तर:** नई दिल्ली |

**प्रश्न 58.** तेल के कुएं में आग लगने की घटना से वन्य जीवन के प्रभावित होने की आशंका से चर्चा में रहे डिब्रू-सैखोवानेशनल पार्क किस राज्य एवं किस नदी के तट पर स्थित है?

**उत्तर:** असम, ब्रह्मपुत्र नदी |

**प्रश्न 59.** हाल ही में एशिया का नोबेल माने जाने वाले किस पुरस्कार को रद्द कर दिया गया एवं यह किसकी स्मृति में प्रदान किया जाता है?

**उत्तर:** रैमन मैग्सेसे, फिलीपीन्स के राष्ट्रपति रैमन मैग्सेसे |

**प्रश्न 60.** हाल ही में 'जलवायु नियंत्रित' सीमा चौकी की स्थापना एवं फिंगर 4 विवाद से चर्चा में रहे स्थान भारत के किस क्षेत्र से संबंधित है?

**उत्तर:** पैंगोंग त्सो झील, लद्दाख |



**प्रश्न 61.** 5 वर्ष पूरे होने के अवसर पर चर्चा में रहे ऑपरेशन हॉट परसूएंट (Operation Hot Pursuit) क्या था?

**उत्तर:** म्यांमार में भारतीय सेना द्वारा NSCN-K के उग्रवादियों के विरुद्ध सीमा पार कार्यवाही।

**प्रश्न 62.** हाल ही में नीति आयोग के सदस्य वी केसारस्वतने घरेलू उद्योगों को समान अवसर उपलब्ध करवाने हेतु आयातों पर कौन से नए कर को लगाने की सिफारिश की है?

**उत्तर:** बॉर्डर एडजेस्टमेंट टैक्स- BAT.

**प्रश्न 63.** हाल ही में प्रधानमंत्री द्वारा विकास और पुनर्निर्माण कार्यों की समीक्षा से चर्चा में रहे केदारनाथ धाम किस राज्य में स्थित है एवं यह किस नदी के किनारे स्थित है?

**उत्तर:** उत्तराखंड, मंदाकिनी ।

**प्रश्न 64.** 'प्रति बूंद अधिक फसल' को 4000 करोड़ रुपए के आवंटन से चर्चा में रहे प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना कब लांच हुई एवं इसके तहत 2020 तक सिंचाई में कितना निवेश निर्धारित था?

**उत्तर:** 2015, 50 हजार करोड़ रुपये ।

**प्रश्न 65.** नीति आयोग द्वारा भारतीय पुरातत्व विभाग को किस टैगलाइन के द्वारा विरासत स्थलों की ब्रांडिंग करने का सुझाव दिया है?

**उत्तर:** अतुल्नीय भारत।

**प्रश्न 66.** हाल ही में प्रधानमंत्री द्वारा देश में शेरों की आबादी 29 फीसदी बढ़ने से चर्चा में रहे एशिया के इकलौते एशियाई शेरों का आवास स्थल कहां है एवं यह किस राज्य में स्थित है?

**उत्तर:** गिर के जंगल, गुजरात।

**प्रश्न 67.** मिशेलिन स्टार से नवाजे गए शेफ विकास खन्ना में प्रतिदिन एनसीआर में 20 लाख पैकेट भोजन का वितरण करने हेतु किस योजना की शुरुआत की घोषणा की है?

**उत्तर:** बरकत।

**प्रश्न 68.** आवास और शहरी कार्य मंत्रालय ने 10 लाख से अधिक एवं 10 लाख से कम आबादी वाले शहरों में पैदल यात्रियों के अनुकूल क्रमशः कितने न्यूनतम बाजारों के चयन की सिफारिश की है?

**उत्तर:** क्रमशः 3 और 1.

**प्रश्न 69.** STIP 2020 के निर्माण हेतु परामर्श हेतु 'एसटीआईपी 2020 टाउन हॉल मीट - ट्रैक I' लॉन्च करने से चर्चा में रहे भारत के प्रधान वैज्ञानिक सलाहकार कौन है?

उत्तर: प्रोफेसर के विजयराघवन।

**प्रश्न 70.** सरकार के द्वारा 50 लाख दस्तकारों और बुनकरों को जोड़ने से चर्चा में रहे जीईएम (गवर्नमेंट ई-मार्केट प्लेस) की स्थापना कब एवं किस उद्देश्य के लिए की गई थी?

उत्तर: 2016, सार्वजनिक खरीद में पारदर्शिता हेतु।

**प्रश्न 71.** RTI इंटरनेशनल इंडिया से साझेदारी के कारण चर्चा में रहे 'इंडिया एलायंस संस्था की स्थापना कब और किस उद्देश्य हेतु की गई थी?

उत्तर: 2008, जैव-चिकित्सा और स्वास्थ्य विज्ञान में वैज्ञानिक क्षमता का निर्माण

**प्रश्न 72.** हाल ही में जारी हुई क्यूएस वर्ल्ड यूनिवर्सिटी रैंकिंग में टॉप 200 शैक्षणिक संस्थानों में किन भारतीय संस्थानों ने जगह बनाई?

उत्तर: IIT बॉम्बे, IIT दिल्ली एवं इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ साइंस बेंगलुरु।

**प्रश्न 73.** किस प्रवेश परीक्षा में 50 फीसदी OBC आरक्षण की मांग संबंधी याचिका में उच्चतम न्यायालय ने 'आरक्षण को बुनियादी अधिकार नहीं माना'?

उत्तर: NEET.

**प्रश्न 74.** अपने स्थापना दिवस के आयोजन से चर्चा में रही इंडियन चेंबर ऑफ कॉमर्स (ICC) की स्थापना कब की गई थी?

उत्तर: 1925 .

**प्रश्न 75.** उच्चतर शैक्षणिक संस्थानों की 'इंडिया रैंकिंग 2020' में क्रमशः कौन से संस्थान ने ओवरऑल रैंकिंग एवं विश्वविद्यालय की रैंकिंग में शीर्ष स्थान पाया?

उत्तर: IIT मद्रास, इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ साइंस बेंगलुरु।

**प्रश्न 76.** मुंबई में 12 जून को लॉन्च किए जाने की घोषणा से चर्चा में रहे "IFLOWS - Mumbai" क्या है?

उत्तर: मुंबई के लिए बाढ़ चेतावनी तंत्र।

**प्रश्न 77.** आयात शुल्क बढ़ाने से चर्चा में रहे वैश्विक स्तर पर बांस के उत्पादन एवं आयात में भारत किस स्थान पर है?

उत्तर: उत्पादन में द्वितीय, आयात में भी द्वितीय।

 Visit us on: www.sukrajclasses.com

**प्रश्न 78.** युवा प्रोफेशनलों को सवेतन इंटर्न के रूप में एनसीडीसी और सहकारी समितियों में व्यावहारिक अनुभव हेतु किस योजना को प्रारंभ किया गया है?

**उत्तर:** सहकार मित्रः इंटर्नशिप कार्यक्रम पर योजना –सिप।

**प्रश्न 79.** पुनरुद्धार कार्यों की समीक्षा से चर्चा में रहे यूरिया में आत्मनिर्भरता हेतु नई निवेश नीति, 2012 के तहत किन उर्वरक संयंत्र का पुनरुद्धार किया जा रहा है?

**उत्तर:** रामागुंडम, तलचर, गोरखपुर, बरौनी और सिंदरी।

**प्रश्न 80.** मुख्य आर्थिक सलाहकार कृष्णमूर्ति सुब्रमण्यन उल्लेख करने से चर्चा में रहे 'बैड बैंक' की स्थापना का प्रस्ताव आर्थिक समीक्षा 2017 में किस उद्देश्य हेतु दिया गया था?

**उत्तर:** NPA ऋण के प्रबंधन हेतु।

**प्रश्न 81.** हाल ही में जीएमआर ग्रुप द्वारा हुए समझौते से चर्चा में रहे अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे 'भोगपुरम' की स्थापना कहां की जा रही है?

**उत्तर:** विशाखापट्टनम के पास आंध्र प्रदेश।

**प्रश्न 82.** सरकार द्वारा सुरंग निर्माण हेतु निविदा मंगाने से चर्चा में रहे 'जोजिला दर्रा' किन दो स्थानों का आपस में जोड़ती हैं?

**उत्तर:** जम्मू कश्मीर को लद्दाख से, श्रीनगर-कारगिल-लेह राष्ट्रीय राजमार्ग पर अवस्थित।

**प्रश्न 83.** हाल ही में चर्चित शख्सियत का निधन हो गया जिनकी उपलब्धि एक प्रसिद्ध स्वतंत्रता सेनानी, उर्दू विज्ञान पत्रिका के संपादक एवं वरिष्ठ उर्दू शायर के रूप में थी?

**उत्तर:** आनंद मोहन जुत्शी उर्फ गुलजार देहलवी।

**प्रश्न 84.** हाल ही में नए सदस्यों की नियुक्ति से चर्चा में रहे 'कॉरपोरेट दिवाला शोधन समाधान एवं बिक्री प्रक्रिया पर सलाहकार समिति' के अध्यक्ष कौन हैं?

**उत्तर:** उदय कोटक।

**प्रश्न 85.** किस संस्था के द्वारा प्रौद्योगिकी की उपलब्धता पर 'कोविड-19 के बीच परिदृश्य -- जमीनी स्थिति एवं संभावित समाधान' शीर्षक से रिपोर्ट जारी की गई ?

**उत्तर:** स्माइल फाउंडेशन।

**प्रश्न 86.** हाल ही में अमेरिकी सैन्य अकादमी से स्नातक की डिग्री प्राप्त करने वाली पहली सिख महिला की उपलब्धि किसने हासिल की है?

उत्तर: अनमोल नारंग।



**प्रश्न 87.** हाल ही में ऑडिट का कार्य सौंपने से चर्चा में रहे PM CARES कोष के बोर्ड आफ ट्रस्टीस का अध्यक्ष एवं पदेन ट्रस्टी कौन होता है?

उत्तर: प्रधानमंत्री अध्यक्ष, रक्षा मंत्री, गृह मंत्री और वित्त मंत्री।

**प्रश्न 88.** नितिन गडकरी द्वारा खंडन करने से चर्चा में रहे 'न्यूनतम समर्थन मूल्य' की सिफारिश किस संस्था के द्वारा की जाती है एवं इसकी स्थापना कब हुई थी?

उत्तर: कृषि लागत और मूल्य आयोग, 1965.

**प्रश्न 89.** हाल ही ओडिशा के इंटैक परियोजना के तहत किस नदी में प्राचीन काल के 'सप्तपाटन' नामक क्षेत्र से गोपीनाथ देव को समर्पित मंदिर की प्राप्ति हुई है?

उत्तर: महानदी।

**प्रश्न 90.** प्राकृतिक गैस क्षेत्र में हाजिर और वायदा बाजार को समर्पित देश के प्रथम ऑटोमेटेड राष्ट्रीय एक्सचेंज को किस नाम से प्रारंभ किया जाएगा?

उत्तर: इंडियन गैस एक्सचेंज- IGX.

**प्रश्न 91.** हाल ही में प्याज के अग्रिम बफर स्टॉक के निर्माण से चर्चा में रही नेफेड (NAFED) की स्थापना कब एवं किस उद्देश्य हेतु की गई थी?

उत्तर: 1958, कृषि उत्पादों के सहकारी विपणन हेतु।

**प्रश्न 92.** HEPA (हाई एफिशेंसी पर्टिकुलेट एयर) फिल्टर के प्रयोग से हाई क्वालिटी मास्क को बनाने से चर्चा में रहे 'भाभा एटॉमिक रिसर्च सेंटर' कहां स्थित है?

उत्तर: मुंबई।

**प्रश्न 93.** भूमि के जलमग्न होने की आशंका से समिति गठित करने से चर्चा में रहे 'मेदिगड्डा बैराज' किन राज्यों के बीच में संयुक्त परियोजना है?

उत्तर: महाराष्ट्र और तेलंगाना।

**प्रश्न 94.** हाल ही में याचिका प्रस्तुत करने से चर्चा में रहे 'उपासना स्थल (विशेष प्रावधान) अधिनियम 1991' का मूल उद्देश्य क्या है?

उत्तर: किसी धार्मिक उपासना स्थल को दूसरे धार्मिक स्थल को बदलने रोक हेतु, 15 अगस्त 1947 की स्थिति के अनुरूप यथास्थिति रखना।

**प्रश्न 95.** हाल ही में चर्चा में रहे दारबुक-श्योक-दौलत बेग ओल्डी सड़क किन महत्वपूर्ण स्थानों को आपस में जोड़ेगी ?

**उत्तर:** लेह से दौलत बेग ओल्डी।

**प्रश्न 96.** भारतीय कंपनियों के द्वारा विदेशों से ऋण लेने में गिरावट से चर्चा में रहे मसाला बॉन्ड किस लिए जारी किए जाते हैं?

**उत्तर:** भारतीय कंपनियों द्वारा पूंजी हेतु, विदेशों में निर्गत।

**प्रश्न 97.** हाल ही में जारी हुई वैश्विक प्रतिस्पर्धा क्षमता सूचकांक किस संस्था के द्वारा तैयार किया जाता है एवं इस सूचकांक में भारत की रैंकिंग कितनी रहे?

**उत्तर:** इंस्टिट्यूट आफ मैनेजमेंट डेवलपमेंट, 43 वें स्थान पर।

**प्रश्न 98.** हाल ही में किस संस्थान के द्वारा विश्व निवेश रिपोर्ट 2020 जारी की गई इस रिपोर्ट के अनुसार भारत प्रत्यक्ष निवेश हासिल करने में विश्व में कौन से स्थान पर है?

**उत्तर:** अंकटाड, नौवें स्थान पर ।

**प्रश्न 99.** हाल ही में चर्चा में रहे मैग्नेटिक महाराष्ट्र 2.0 का आयोजन किस उद्देश्य हेतु किया गया था?

**उत्तर:** महाराष्ट्र में निवेश आकर्षित करने हेतु

**प्रश्न 100.** हाल ही में उत्तर प्रदेश सरकार के द्वारा श्रमिकों के हितों के संरक्षण हेतु किस आयोग की स्थापना की मंजूरी दी गई है?

**उत्तर:** कामगार और श्रमिक-सेवायोजन एवं रोजगार, आयोग।

**प्रश्न 101.** भारत सरकार के द्वारा 'नेपाल-भारत मैत्री: विकास साझेदारी' के तहत नेपाल के किस मंदिर में स्वच्छता केंद्र के निर्माण की प्रतिबद्धता जताई है?

**उत्तर:** पशुपतिनाथ मंदिर।

**प्रश्न 102.** हाल ही में आयुष मंत्रालय के द्वारा अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस 2020 को किस अभियान के तहत मनाए जाने की घोषणा की गई है?

**उत्तर:** 'घर पर योग, परिवार के साथ योग'

**प्रश्न 103.** पेपर-लेस ऑफिस की दिशा में केंद्रीय अप्रत्यक्ष कर एवं सीमा शुल्क बोर्ड द्वारा अपनाए गए ई- ऑफिस एप्लीकेशन का विकास किस संस्था के द्वारा किया गया है ?

**उत्तर:** राष्ट्रीय सूचना विज्ञान केंद्र- NIC.

**प्रश्न 104.** आदिवासी संग्रहकर्ताओं के कवरेज को 3 गुना करने से चर्चा में रहे पीएम वन धन योजना कब एवं क्यों शुरू किया गया था?

उत्तर: 2018, वन उत्पादों में मूल्य संवर्धन द्वारा जनजातीय लोगों की आजीविका का सृजन |

**प्रश्न 105.** विश्व आर्थिक मंच के द्वारा जारी 2020 के तकनीकी दिग्गज 100 कंपनियों में किन्हीं दो भारतीय कंपनियों को जगह मिली है ?

उत्तर: जेस्टमनी और स्टेलाएप्स |

**प्रश्न 106.** त्रिपुरा में पाए जाने से चर्चा में रहे हॉग बैजर्स (Hog Badger) IUCN की किस सूची में सूचीबद्ध है?

उत्तर: आईयूसीएन रेट लिस्ट में लुप्तप्राय प्रजातियों में शामिल |

**हॉग बैजर्स :** त्रिपुरा में पहली बार, सुदूर थलाई जिले के सलीमा इलाके में एक लुप्तप्राय प्रजाति के तीन हॉग पाए गए। वैज्ञानिक रूप से 'आर्कटॉक्स कॉलरस' के रूप में जाना जाने वाला हॉग बैजर्स, IUCN (प्रकृति के संरक्षण के लिए अंतर्राष्ट्रीय संघ) में लुप्तप्राय प्रजातियों के रूप में सूचीबद्ध हैं। इसमें सुअर और भालू दोनों की विशेषताएं होती हैं। यह छोटे फलों और जानवरों को खाता है। यह अद्भुत प्रजाति असम, एनई इंडिया के कुछ अन्य राज्यों और थाईलैंड जैसे दक्षिण पूर्व एशियाई देशों में पाए जाते है |

**प्रश्न 107.** भारत ने संयुक्त राष्ट्र की किस विशेष परिषद के अस्थाई सदस्य के चुनाव में 192 में से 184 वोट पाकर अपनी सीट सुनिश्चित की?

उत्तर: संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद |

**प्रश्न 108.** विधि के संदर्भ में भारत की स्थिति में सुधार पर याचिका से चर्चा में रहे "विधि का शासन सूचकांक 2020" में भारत की रैंकिंग कितनी रही एवं इसे किस संस्था द्वारा जारी किया जाता है?

उत्तर: 69, वर्ल्ड जस्टिस प्रोजेक्ट |

**प्रश्न 109.** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के द्वारा आत्मनिर्भर भारत के तहत वाणिज्य खनन हेतु कितने कोयला ब्लॉकों की नीलामी प्रक्रिया को मंजूरी दी गई?

उत्तर: 41 कोयला ब्लॉक की |

**प्रश्न 110.** जलवायु प्रतिबद्धताओं के अनुकूल महत्वपूर्ण कदम के रूप में भारत सरकार के द्वारा वर्ष 2030 तक कितने मिलियन टन कोयले के गैसीकरण का लक्ष्य रखा है?

उत्तर: 100 मिलियन टन |

**प्रश्न 111.** पिछले महीने 60,027 करोड़ रुपये के निवेश से चर्चा में रहे पार्टिसिपेटरी नोट्स (P-Notes) किन्हे और किसके द्वारा जारी किए जाते हैं?

उत्तर: ऐसे विदेशी निवेशक जो बिना पंजीकृत हुए भारत बाजार में निवेश करना चाहते हैं, सेबी के द्वारा |

**प्रश्न 112.** सरकार के द्वारा प्रवासी श्रमिकों और ग्रामीण लोगों को आजीविका प्रदान करने हेतु किस व्यापक ग्रामीण सार्वजनिक कार्य योजना की शुरुआत की जाएगी?

उत्तर: गरीब कल्याण रोजगार अभियान योजना

**प्रश्न 113.** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के द्वारा आगामी 20 जून को उद्घाटन चर्चा में रहे 'गरीब कल्याण रोजगार अभियान योजना' की शुरुआत कहां से की जाएगी?

उत्तर: बिहार के खगड़िया जिले के ग्राम- तेलिहार, ब्लॉक- बेलदौर से |

**प्रश्न 114.** भारतीय वायु सेना द्वारा आर्डर दिए जाने से चर्चा में रहे 'सुखोई - 30MKI' का निर्माण मूलतः किस देश के द्वारा किया गया है?

उत्तर: रूस |

**प्रश्न 115.** आवास एवं शहरी कार्य मंत्रालय द्वारा स्ट्रीट वेंडर्स के लिए प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना हेतु किस संस्था को कार्यान्वयन एजेंसी के रूप में शामिल किया गया है?

उत्तर: भारतीय लघु उद्योग विकास बैंक- SIDBI.

**प्रश्न 116.** समझौता ज्ञापन से चर्चा में रही 'प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना' को क्यों लागू किया गया इसके तहत कितना ऋण उपलब्ध करवाया जाता है?

उत्तर: स्ट्रीट वेंडर को सस्ती कार्यशील पूंजी प्रदान करने हेतु, 10000 रुपए |

**प्रश्न 117.** कृषि श्रमिकों और ग्रामीण श्रमिकों के लिए हाल ही में जारी हुई उपभोक्ता मूल्य सूचकांक का संकलन कौन संस्था करती है एवं इसका आधार वर्ष क्या है?

उत्तर: श्रम ब्यूरो, आधार वर्ष: 1986-87.

**प्रश्न 118.** हाल ही में दिल्ली एनसीआर में लगातार भूकंप का मूलतः किन प्लेटो के संचलन से संबंधित हैं?

उत्तर: भारतीय प्लेट का उत्तर दिशा में बढ़ना एवं यूरेशियन प्लेट के साथ टक्कर |

**प्रश्न 119.** 21 तारीख के सूर्य ग्रहण को ऑनलाइन लाइव प्रसारण करने से चर्चा में रहेआर्यभट्टप्रेक्षण विज्ञान शोध संस्थान (ARIES) कहां स्थित है?

उत्तर: नैनीताल, उत्तराखंड |

**प्रश्न 120.** केंद्रीय मंत्री श्री प्रल्हाद जोशी के द्वारा उद्घाटन करने से चर्चा में रहे सत्यभामा (SATYABHAMA) पोर्टल क्या है?

**उत्तर:** खनन क्षेत्र में अनुसंधान और विकास को बढ़ावा देने वाला पोर्टल ।

**प्रश्न 121.** हाल ही में किसकी अध्यक्षता में गठित समिति के रिपोर्ट के आधार सरकार ने निजी अस्पतालों कोविड-19 के परीक्षण और इलाज की दरों को तय किया है ?

**उत्तर:** वी के पॉल, सदस्य नीति आयोग ।

**प्रश्न 122.** सर्वकालिक सर्वोच्च स्तर पर पहुंचने से चर्चा में रही विदेशी मुद्रा भंडार में कौन सी मुद्रा और परिसंपत्तियों सम्मिलित होते हैं?

**उत्तर:** विदेशी मुद्रा, विदेशी बैंक जमा, विदेशी ट्रेजरी बिल, सरकारी प्रतिभूतियां,स्वर्ण, एसडीआरऔर IMF में जमा राशि ।

**प्रश्न 123.** हाल ही में 6 हाथियों के मौत एवं इस क्षेत्र में स्थित चार कोल ब्लॉकों की नीलामी से चर्चा में रहे लेमरू एलीफेंट प्रोजेक्ट किस राज्य से संबंधित है?

**उत्तर:** छत्तीसगढ़-सरगुजा संभाग ।

**प्रश्न 124.** हाल ही में संस्कृति मंत्रालय ने अंतरराष्ट्रीय योग दिवस 2020 को किस अभियान के तहत आयोजन करने की घोषणा की है?

**उत्तर:** नमस्ते योग अभियान ।

**प्रश्न 125.** भारत सरकार के द्वारा ग्रामीण क्षेत्र में रोजगार हेतु 50,000 करोड़ रुपये लागत की किस योजना को एवं कहां से शुरू किया गया?

**उत्तर:** गरीब कल्याण रोजगार अभियान, खगड़िया बिहार ।

**प्रश्न 126.** PPP भागीदारी के तहत प्रौद्योगिकी की द्वारा प्रवासी श्रमिकों को स्थानीय भाषा में रोजगार की जानकारी हेतु गठित उच्च अधिकार प्राप्त समिति के सदस्य कौन है?

**उत्तर:** अमिताभ कांत- CEO नीति आयोग

**प्रश्न 127.** सरकार द्वारा कारोबारी सुगमता को बढ़ाने की योजना से चर्चा में रहे सीमित दायित्व भागीदारी (LLP) न्यूनतम एवं अधिकतम कितने भागीदार होते हैं?

**उत्तर:** न्यूनतम - दो,
अधिकतम - कोई सीमा नहीं ।

**सीमित दायित्व भागीदारी (LLP) अधिनियम** :यह जनवरी, 2009 में अधिनियमित किया गया। LLP एक अलग कानूनी और सीमित देयता वाली कंपनी के रूप में आसानी से साझेदारी चलाने के लाभ के दृष्टिकोण वाली गठबंधन इकाई है। इसलिए एलएलपी में कॉरपोरेट संरचना के साथ भागीदारी व्यवसाय संरचना दोनों ही तत्व होते हैं, जो कंपनी या एक साझेदारी के बीच मिश्रित होते हैं।

**प्रश्न 128.** हाल ही में किस भारतीय मूल के व्यक्ति को विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी में अनुसंधान की शीर्ष अमेरिकी संस्था राष्ट्रीय विज्ञान न्यास (NSF) के निदेशक के रूप में नियुक्ति की गई है?

उत्तर: डॉ. सेतुरमन पंचनाथन |

**प्रश्न 129.** एनजीटी द्वारा ई-कॉमर्स कंपनियों पर कार्रवाई से चर्चा में रहे केन्द्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड की स्थापना कब एवं किस अधिनियम के तहत की गई थी?

उत्तर: 1974, जल प्रदूषण निवारण एवं नियंत्रण अधिनियम-1974 .

**प्रश्न 130.** पूर्वोत्तर राज्यों में समीक्षा बैठक से चर्चा में रहे 'आकांक्षी जिला कार्यक्रम' को कब लागू किया गया था एवं इसका उद्देश्य क्या था ?

उत्तर: 2018, देश के सबसे पिछड़े जिलों का विकास करना |

**प्रश्न 131.** हाल ही में न्यायालय द्वारा रोक लगाने से चर्चा में रहे पुरी रथ यात्रा किस आराध्य देव के उपलक्ष्य में निकाली जाती है?

उत्तर: भगवान जगन्नाथ |

**प्रश्न 132.** हाल ही में भारत सरकार ने तीनों सेनाओं को जरूरी हथियार और गोला बारूद की खरीद हेतु प्रति प्रोजेक्ट कितने राशि के वित्तीय स्वायत्तता अधिकार प्रदान किए गए हैं?

उत्तर: 500 करोड़ रुपए

**प्रश्न 133.** अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस 2020 पर आयुष मंत्रालय के द्वारा योग गतिविधियों को देश में किस थीम के तहत बढ़ावा दिया जा रहा है?

उत्तर: "Yoga at Home, Yoga with Family"

**प्रश्न 134.** हाल ही में राष्ट्रीय हरित अधिकरण (एनजीटी) द्वारा प्रदूषण के संदर्भ जुर्माना लगाने से चर्चा में रहे 'किथिगनहल्ली झील' कहां स्थित है?

उत्तर: बेंगलुरु (कर्नाटक) |

**प्रश्न 135.** हाल ही में भारत-चीन तनाव के संदर्भ में चर्चा में रहे गोथिक पांडा और स्टोन पांडा क्या है?

उत्तर: साइबर अटैक करने वाले ग्रुप, चीनी सेना पीपुल्स लिबरेशन आर्मी द्वारा समर्थित |

WWW.SUKRAJCLASSES.COM
/SUKRAJCLASSES

**प्रश्न 136.** हाल ही में कम कार्बन उत्सर्जन वाली परिवहन प्रणाली के लिए भारत में किस योजना की शुरुआत की जाएगी?

उत्तर: "भारत में कार्बन मुक्त परिवहन सेवा ", Decarbonising Transport in India.

**प्रश्न 137.** हाल ही में किन संस्थाओं के द्वारा भारत में कम कार्बन उत्सर्जन वाली परिवहन प्रणाली को प्रारंभ करने की घोषणा की गयी है?

उत्तर: अंतर्राष्ट्रीय परिवहन मंच-ITF और नीति आयोग।

**प्रश्न 138.** 51% हिस्सेदारी वाली कंपनी को भारतीय कंपनी का दर्जा देने और परिभाषा में बदलाव की मांग से चर्चा में रहे कंपनी अधिनियम में भारतीय कंपनी की परिभाषा क्या है?

उत्तर: भारत में पंजीकृत और कर अदा करने वाली कंपनी ।

**प्रश्न 139.** हाल ही में 150 अरब डालर का बाजार पूंजीकरण हासिल करने वाले प्रथम भारतीय कंपनी कौन है?

उत्तर: रिलायंस इंडस्ट्रीज लिमिटेड।

**प्रश्न 140.** साझा समीक्षा आयोग की रिपोर्ट से चर्चा में रहे सांसद आदर्श ग्राम योजना (SAGY) की शुरुआत कब हुई एवं इसका उद्देश्य क्या था?

उत्तर: 2014, प्रत्येक सांसद द्वारा एक गांव गोद लेकर उसे आदर्श ग्राम में विकसित करना।

**प्रश्न 141.** वित्त मंत्रालय द्वारा व्यक्तियों एवं संगठनों द्वारा चंदा देने का मार्ग प्रशस्त करने से चर्चा में राष्ट्रीय आपदा मोचन कोष (NDRF) का गठन किस अधिनियम के तहत किया गया था?

उत्तर: आपदा प्रबंधन एक्ट, 2005.

**प्रश्न 142.** खाद्य प्रसंस्करण क्षेत्र के लिए एक्सक्लूसिव इन्वेस्टमेंट फोरम से चर्चा में रहे 'इन्वेस्ट इंडिया' के तहत भारत में निवेश बढ़ाने के किस एजेंसी को स्थापित किया गया था?

उत्तर: 2009, National Investment Promotion and Facilitation Agency of India.

**प्रश्न 143.** हाल ही में किस योजना के तहत केंद्रीय अप्रत्यक्ष कर और सीमा शुल्क बोर्ड द्वारा पेपरलेस एक्सपोर्ट्स की सुविधा दी गयी?

उत्तर: "तुरंत कस्टम्स", Turant Customs .

**प्रश्न 144.** हाल ही में जम्मू कश्मीर को लेकर आपातकालीन बैठक से चर्चा में रहे इस्लामिक सहयोग संगठन की स्थापना कब हुई एवं इसका मुख्यालय कहां है?

**उत्तर:** 1969, जेद्दाह-सऊदी अरब.

**प्रश्न 145.** उच्चतर शैक्षणिक संस्थानों में नवाचार और उद्यमिता संस्कृति को बढ़ावा देने के लिए हाल ही में सरकार के द्वारा किस प्लेटफॉर्म की शुरूआत की गई है?

**उत्तर:** YUKTI 2.0

**युक्ति 2.0** :- उच्च शिक्षण संस्थानों में व्यावसायिक क्षमता और इनक्यूबेटेड स्टार्टअप से संबंधित सूचनाओं को व्यवस्थित करने में सहायता प्रदान करने के लिए 'युक्ति 2.0' पहल की शुरुआत की गयी है।

- इससे पहले 11 अप्रैल, 2020 को युक्ति (यंग इंडिया कॉम्बेटिंग कोविड विद नॉलेज, टेक्नोलॉजी एंड इनोवेशन)) वेब पोर्टल का शुभारंभ किया था। मानव संसाधन विकास मंत्रालय ने कोरोना वायरस को ध्यान में रखते हुए इस पोर्टल तैयार किया था। पोर्टल का उद्देश्य बहुत ही समग्र और व्यापक तरीके से कोविड -19 चुनौतियों के विभिन्न आयामों को कवर करना है।
- इस पोर्टल के माध्यम से मानव संसाधन विकास मंत्रालय यह सुनिश्चित करने का प्रयास करेगा कि उच्च शिक्षण संस्थानों में छात्रों, शिक्षकों और शोधकर्ताओं को अपनी प्रौद्योगिकियों और नवाचारों को आगे बढ़ाने के लिए आवश्यक जरूरतों को पूरा करने के लिए उचित सहायता मिल रही है।
- युक्ति 2.0 कोविड महामारी में प्रासंगिक विचारों की पहचान करने के लिए एमएचआरडी की पहल 'युक्ति' के पूर्व संस्करण का तार्किक विस्तार है। युक्ति 2.0 जैसी पहल हमारे शैक्षणिक संस्थानों में नवाचार और उद्यमिता की संस्कृति को बढ़ावा देने में भी सहायता प्रदान करेगी।

**प्रश्न 146.** कंप्रेस्ड बायोगैस (CBG) को वित्त पोषण की प्राथमिकता वाले क्षेत्र में शामिल करने से चर्चा में रहे किस योजना के तहत सरकार ने 2023 तक 15 एमएमटी CBG उत्पादन का लक्ष्य रखा है?

**उत्तर:** 'सतत'-सस्टेनेबल अल्टरनेटिव ट्रूवर्ड्स अफोर्डेबल ट्रांसपोर्टेशन, 2018 से प्रारंभ |

**प्रश्न 147.** हाल ही में सरकार ने किस व्यापारिक पोर्टल पर विक्रेताओं को उत्पत्ति के देश के बारे में जानकारी देना अनिवार्य बना दिया गया है?

**उत्तर:** गवर्नमेंट ई-मार्केटप्लेस-GeM.

**प्रश्न 148.** अंतरिक्ष में निजी क्षेत्र के प्रवेश से चर्चा में रहे निजी क्षेत्र को भारतीय अंतरिक्ष अवसंरचना के उपयोग हेतु सरकार द्वारा किस केंद्र की स्थापना की गई है?

**उत्तर:** राष्ट्रीय अंतरिक्ष संवर्धन तथा प्रमाणीकरण केंद्र: इन-स्पेस |

**प्रश्न 149.** हाल ही में केंद्रीय मंत्रिमंडल के द्वारा उत्तर प्रदेश के किस हवाई अड्डे को अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे के रूप में घोषित करने की स्वीकृति प्रदान की गई है?

**उत्तर:** कुशीनगर हवाई अड्डा |

